हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज "मन की बात" कार्यक्रम में पूरे देश के लोगों के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि यह अभियान अब दुनिया के अन्य देशों में भी फैल रहा है।

1. बाइट: एक पेड़ मां के नाम

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मध्य प्रदेश के इंदौर में 24 घंटे में 12 लाख से अधिक पौधे लगाकर पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान के जैसलमेर में महिलाओं की एक टीम ने एक घंटे में 25 हजार पेड़ लगाए। प्रधानमंत्री ने लोगों से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में भाग लेने और पौधे के साथ सेल्फी mygov.in (माई जीओवी डाट आई एन) पर पोस्ट करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने स्वच्छता के बारे में कहा कि सरकारी कार्यालयों से दशकों पुरानी फाइलें और कबाड़ हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सरकारी विभागों में आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं और काफी स्थान भी खाली हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 'कचरे से कंचन' की अवधारणा बहुत पुरानी है। उन्होंने कचरे से कंचन बनाने के युवाओं के कुछ उदाहरण दिए। श्री मोदी ने मुंबई की अक्षरा और प्रकृति के बारे में बताया जो कपड़ों के कबाड़ से फैशन आइटम बना रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज राष्ट्रीय कैडेट कोर-एनसीसी दिवस है। श्री मोदी ने इस अवसर पर एनसीसी कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि इससे प्राप्त अनुभव अमूल्य है। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि:

2. बाइट: एन.सी.सी कैडेट

श्री मोदी ने लोगों से एन.सी.सी से जुड़ने का आग्रह भी किया।

3. बाइट:s अपील

श्री मोदी ने अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर दिल्ली में 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस मनाता है।

4. बाइट: ब्लू प्रिंट

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लाल किला के प्राचीर से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' ऐसा प्रयास है। प्रधानमंत्री ने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए काम करने वाले युवाओं के बारे में बात की। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। नियमानुसार सभी पेंशनभोगियों को साल में एक बार जीवन प्रमाण पत्र जमा कराना होता है।

*****************************************************************

***********